आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 08.05.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत हमलों के बाद कहा– अगर पाकिस्तान ने स्थिति को और बिगाड़ा तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार।
- ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रदेश में पुलिस विभाग की सभी इकाईयां अलर्ट पर हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग जिले में स्थित त्रिजुगीनारायण मंदिर वैश्विक वैडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है।

रक्षा मंत्री ऑन ऑपरेशन सिंदूर

भारत ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के अंतर्गत हमलों के बाद कहा है कि अगर पाकिस्तान ने स्थिति को और बिगाड़ा तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने सिंदूर ऑपरेशन से अपने जवाबी कार्रवाई के अधिकार का प्रयोग किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान वीरता और साहस का परिचय देकर नया इतिहास रचा।

सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने नई दिल्ली में आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है।

सर्तकता

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से राज्य में पुलिस विभाग की सभी इकाईयां अलर्ट पर रखी गई हैं। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि संवेदनशील संस्थानों, धार्मिक स्थलों और आंतरिक व राज्य सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि चार धाम यात्रा में राज्य पुलिस, पी.ए.सी और एस.डी.आर.एफ सहित ए.टी.एस–गुलदार तथा केन्द्रीय अर्ध सैनिक बलों की टीमों को चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है।

भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता बरतने और एस.एस.बी के साथ संयुक्त पैट्रोलिंग बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है और वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में सभी से पूरे संयम और ज़िम्मेदारी से सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करने की अपील की है। भ्रामक पोस्ट करने या अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

<u>चारधाम सुरक्षा</u>

पहलगाम हमले के बाद प्रदेश में चारधाम यात्रा रुट पर सुरक्षा के लिए पुलिस और पैरामिलेट्री के जवान मुस्तैद है। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रवेश बैरियर चैक पोस्ट पर पुलिस व सी.ए.पी.एफ के जवानों द्वारा संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं धाम और यात्रा रुट के मुख्य पड़ावों पर पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्तियों का लगातार सत्यापन किया जा रहा है। चारधाम यात्रा की सुरक्षा को देखते हुए धामों पर पैरामिलेट्री और ए.टी.एस की तैनाती भी की गई है।

<u>घोड़ा–खच्चर</u>

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित घोड़े–खच्चरों में एक्वाइन इन्फ्लूएंजा को लेकर पशुपालन विभाग ने प्रभावी कदम उठाएं हैं। सचिव, पशुपालन, डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम ने सचिवालय में इस बारे में पत्रकार वार्ता में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग ने इस स्थिति से निपटने के लिए जिले में एक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, दो उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, 22 पशु चिकित्सक और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र के दो वैज्ञानिकों की टीम तैनात की गई है। इसके अलावा पंतनगर विश्वविद्यालय के दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती भी हो रही है। सचिव ने बताया कि यात्रा को सुचारू करने के लिए स्वस्थ और अस्वस्थ घोड़े खच्चरों को चिन्हित किया जा रहा है। अस्वस्थ घोड़े को यात्रा मार्ग में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस से बचाव के चलते उत्तर प्रदेश से आने वाले घोड़ों–खच्चरों पर वर्तमान समय तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है। डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि केदार घाटी में घोड़े–खच्चरों में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्थानीय लोगों और घोड़े–खच्चर व्यवसायियों ने भी यात्रा मार्ग पर घोड़े–खच्चरों पर लगी रोक को आगे बढाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि घोड़े खच्चरों का फिर से संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों को विशेष इंतेजाम करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में शामिल होने के बाद, मुख्यमंत्री ने देहरादून में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए जिला और तहसील स्तर पर खाद्यान सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाये रखी जाए। अस्पतालों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए अलर्ट रखने के साथ ही सभी आवश्यक दवाओं का पूर्ण प्रबंध किया जाय। बैठक में नागरिक सुरक्षा दल और स्वयंसेवी संस्थाओं को बचाव और राहत कार्य के लिए प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया गया। श्री धामी ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती करने और सोशल मीडिया के माध्यम से इस पर लगातार निगरानी रखने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़ते हुए, कार्मिकों के अवकाश मंजूर न किए जाएं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने–अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया है।

## त्रिजुगीनारायण

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित शिव–पार्वती का विवाह स्थल त्रिजुगीनारायण मंदिर वैश्विक वैडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है। यहां देश–विदेश से बड़ी संख्या में लोग सनातन परम्पराओं के अनुसार विवाह करने के लिए पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय होटल कारोबारियों से लेकर पंडे–पुजारियों, वैडिंग प्लानर, मांगल टीमों और ढोल–दमौ वादकों सहित कई अन्य लोगों को काम मिल रहा है।

मंदिर के पुजारी सच्चिदानंद पंचपुरी ने बताया कि विवाह के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। साथ ही माता–पिता या अभिभावकों की मौजूदगी में ही विवाह संपन्न होता है। इसके अलावा अन्य सभी आयोजन, नजदीकी होटल और रिजॉर्ट में सम्पन्न किए जाते हैं।

त्रिजुगीनारायण मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। मंदिर प्रांगण में एक पवित्र अखंड अग्नि है। मान्यता है कि शिव पार्वती ने इसी अग्नि के सात फेरे लिए थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद, उत्तराखंड में देश–विदेश के लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में देहरादून नगर निगम के मेयर सौरभ थपलियाल सहित हरिद्वार के मेयर और विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों ने मुलाक़ात की। इस अवसर पर स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस विषय पर हर संभव उचित सहायता का आश्वासन दिया।

बाल विवाह जागरुकता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय जागरूकता बाल विवाह मुक्त उत्तराखण्ड अभियान का आयोजन किया जा रहा है। ऊखीमठ के राजकीय इंटर कॉलेज राउंलेक से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि रंजन ने इसका शुभारंभ किया। अभियान के तहत बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह के कानूनी दण्ड, कम उम्र में विवाह से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों आदि के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

तीन दिवसीय अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैलियां और सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– मिट्टी में ही मिला डाला, सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का लिया बदला, मिसाइल दागकर दहशतगर्दों के नौ ठिकाने किए नष्ट... इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– 25 मिनट में 9 ठिकाने ध्वस्त, 70 आतंकी ढेर।

चारधाम यात्रा, बांधों व राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की बढ़ाई गई सुरक्षा– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की खबर है– ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट, कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक।

हवाई हमले की स्थिति में राहत बचाव की तैयारियों को लेकर देशभर के साथ देहरादून में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया... इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मॉक ड्रिल से महकमों को मिली तैयारी की सीख।